LIBRARY

066483

10203

Reg. No.

II Semester B.A./B.S.W. Degree Examination, September-2021

HINDI

Poetry Comprehension And Translation

Paper - II

(CBCS Repeaters For 2018-19 Batch only Scheme)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। (10×1=10)

1. कबीरदास के अनुसार जीभ पर छाले क्यों पड़े हैं?
2. श्री कृष्ण को कौन बहुत खिझा रहा है?
3. जानकर भी कैकेयी ने किसे न जाना है?
4. जीवन रुपी प्याले में सुभद्राकुमारी चौहान जी क्या पाती है?
5. सबको कौन-सा रस पीने का अधिकार है?
6. 'दुर तारा' कविता के कवि का नाम लिखिए।
7. किसका पुरखा स्वर्ग तक चला गया था?
8. विधवा होने पर वृंदावन में जबरदस्ती क्या किया जाता है?
9. प्रतिक्षण जीवन किससे आलोकित होता है?
10. भीष्म किसे उपदेश दे रहे है?

BMSCW LIBRARY

II. अ) निम्नलिखित में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (1×7=7)

1) बिरहा बिरहा मति कहौ, बिरहा है सुलतांन।
जिहि घट बिरह न संचरै, सो घट सदा मसान।।

2) चरण-कमल बंदौ हरि राई,
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कुछ दरसाई।
बहिरौ सुनै मूक पुनि बोलैं, रंक चले सिर छत्र धराई।
'सुरदास' स्वामी करुणामय, बार-बार बन्दौ तेहि पाई।।

P.T.O.

LIBRARY

आ) **निम्नलिखित में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।** (1×7=7)

1) मैं अब तक न जान पाई
कैसी होती है पीडा।
हँस हँस जीवन में कैसे
करती है चिंता क्रीडा।

2) लेकिन विघ्न अनेक अभी इस पथ में पडे हुए है।
मानवता की राह रोककर पर्वत अड़े हुए है।

III. किसी एक कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषतांए समझाइए। (1×16=16)

1) वृंदावन।

2) कुँते की आत्मकथा।

IV. निम्नलिखित में सें किन्ही दो पर टिप्पणी लिखिए। (2×5=10)

1) कैकेयी।

2) संयुक्त परिवार।

3) सूरदास की कृष्ण भक्ति।

BMSCW LIBRARY

V. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (10×1=10)

हमारे देश का राष्ट्रध्वज तिरंगा है और उस पर चक्र का आकार अंकित है। महात्मा गाँधी द्वारा संचालित सत्याग्रह आन्दोलन के समय तिरंगा झण्डे का जन्म हुआ था। आरभ्म में लाल, हरा और सफेद इन तीन रंगो का मिश्रण होता था और सफेद कपडों पर चरखा अंकित रहता था। चरखे का अभिप्राय स्वावलम्बन से था। लाल, हरा और सफेद य तीन रंग भी हिन्दू-मुस्लिम और अन्य भारतवासी की संस्कृति के प्रतीक थे। बाद में इसमें कुछ सुधार भी किया गया। केसरिया को साहस और त्याग, सफेद को शाढित और सच्चाई तथा हरे को श्रद्धा, प्रगति और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इन सबसे बढकर तिरंगे झण्डे का महत्त्व भारतीयों में जागृति और स्फूर्ति का संचार करने में है।

स्वतंत्रता-प्राप्ति के पहले इसे कहीं फहराना अथवा लेकर चलना गौरव की बात थी और दमन के समय आफत की जड़। जिसके हाथ में यह होता, वह गिरफ्तार कर लिया जाता। देश के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह इस तिरंगे की शान बनाये रखे और इसे ऊँचा उठाये रहे, कभी तानिक्र झुकने न दे।

1) हमारे देश के राष्ट्रध्वज पर कौन-सा आकार अंकित है?

2) महात्मा गांधी द्वारा संचालित आन्दोलन का नाम लिखिए।

3) तिरंगे झण्डे का जन्म कब हुआ था?

LIBRARY

4) प्रारम्भ के समय में हमारे तिरंगे के कौन–से रंग हुआ करते थे?

5) 'चरखे' का अभिप्राय किससे है?

6) लाल, हरा और सफेद रंग किसके प्रतीक हैं?

7) उपर्युक्त गद्यांश को एक उचित शीर्षक दीजिए।

8) केसरिया रंग को किसका प्रतीक माना जाता है?

9) देश के प्रत्येक व्यक्ति का क्या कर्त्तव्य है?

10) स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले हाथ में झण्डा होने पर क्या होता था?

VI. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **(10×1=10)**

1) Accordingly

2) Flexibility.

3) Interference

4) Migration Certificate

5) Monopoly

6) Pioneer.

7) Restricted

8) Priority

9) Successor

10) Schedule

BMSCW LIBRARY

LIBRARY

0077709

BMSCW LIBRARY